अमर उजाला 10/02/2026

रैली निकाल ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

जीएमएन कॉलेज की एनएसएस इकाई ने जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज

अंबाला। जीएमएन कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से खुड्डा कलां गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई।

नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पोस्टर निर्माण और नारा लेखन गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों और ग्रामीणों ने नशा न करने की शपथ ली।

कॉलेज शिक्षिका शायना सान्याल और विद्यार्थियों ने प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों को दर्शाया कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, एनएसएस अधिकारी डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. चंद्रपाल पुनिया व अन्य मौजूद रहे। संवाद